
Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 202 ▫ रायपुर, शुक्रवार 14 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8+4 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## शुभकामनाएं



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विज्ञापन दाताओं, अभिकर्ताओं, पाठकों एवं शुभचिंतकों को बधाई-शुभकामनाएं।

### कल अवकाश

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर कल 15 अगस्त 2026 दिन शनिवार को हाईवे चैनल कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 16 अगस्त को प्रकाशित होगा। -संपादक

## ब्रेकिंग न्यूज

### राशि के गबन के मामले में सरपंच, सचिव एवं पंच पति के खिलाफ चालान पेश

**बैकुण्ठपुर, 14 अगस्त (हाईवे चैनल)।** जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत टेंगनी के मूलभूत मद की शासकीय राशि के गबन के मामले में सरपंच, सचिव एवं पंचपति के खिलाफ चालान पेश किया गया है। शेड निर्माण के लिए सामग्री आपूर्ति के नाम पर पंच के पति के निजी बैंक खाते में 1.50 लाख रुपये का भुगतान किया गया था । ग्राम पंचायत टेंगनी, जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया के उप सरपंच खेलसिंह ने मुख्यालय आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, रायपुर में श्रीमती इन्द्रासो सिंह, सरपंच, ग्राम पंचायत टेंगनी, मो. इसराइल खान एवं अन्य के विरुद्ध शिकायत प्रस्तुत की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि विभिन्न पंचों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने की जानकारी मिलने के बाद सरपंच श्रीमती इन्द्रासो सिंह ने पंचों से संपर्क कर प्रस्ताव वापस लेने अथवा अपने पक्ष में मतदान कराने का प्रयास किया। शिकायत में यह भी आरोप था कि सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत को शासन से प्राप्त मूलभूत मद की राशि में से 1.50 लाख रुपये चेक के माध्यम से पंच श्रीमती कसीदन बीबी के पति मो. इसराइल खान के निजी बैंक खाते में अंतरित किए गए।

## आईजी रामगोपाल गर्ग सहित 12 पुलिस अधिकारियों को मिलेगा राष्ट्रपति मेडल

### एसएसपी शशिमोहन, श्वेता, मनीषा भी शामिल



**रायपुर**, 14 अगस्त (हाईवे चैनल)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर छत्तीसगढ़ पुलिस के 12 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट सेवा पदक एवं सराहनीय सेवा पदक से विभूषित करने की घोषणा की थी।

उक्त राष्ट्रपति पदक 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रायपुर में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री डॉ विष्णुदेव साय अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रदान करेंगे।

**इन अधिकारियों को मिलेगा पदक**-विशिष्ट सेवाओं के लिए रामावतार सिंह राजपूत सहायक उप निरीक्षक, रक्षित केंद्र जिला धमतरी को राष्ट्रपति पदक दिया जाएगा। सराहनीय सेवाओं के लिए पदक रामगोपाल गर्ग पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, शशिमोहन सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायगढ़, श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण, राजश्री मिश्रा पुलिस अधीक्षक एटीएस, विशा पुलिस मुख्यालय रायपुर, निवेदिता पाल सेनानी 6वीं वाहिनी छसबले रायगढ़, मनीषा ठाकुर रावटे सेनानी 20वीं वाहिनी छसबल महासमुंद तारकेश्वर पटेल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जिला पुलिस मध्य पुलिस आयुक्त रायपुर नगरीय उनैजा खातून अंसारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विआशा पुलिस मुख्यालय रायपुरए जयलाल मरकाम सहायक सेनानी प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई हजारी लाल साहू प्लाटून कमांडर 20वीं वाहिनी छसबल महासमुंद को प्रदान किया जाएगा।

## गंगरेल बांध में मिली भगवान नेमिनाथ की प्रतिमा है भानुप्रतापपुर की

### 6 माह पहले किया गया था विसर्जित



**धमतरी, 14 अगस्त (हाईवे चैनल)।** गंगरेल बांध में मिली भगवान नेमिनाथ की मूर्ति का आखिरकार पता चल गया।यह मूर्ति भानुप्रतापपुर जैन मंदिर का है जिसे खंडित होने पर लगभग 6 माह पहले गंगरेल बांध में विसर्जित किया गया था। लेकिन यह चमत्कार से कम नहीं है कि इतने दिनों बाद मूर्ति किनारे आकर पानी से बाहर आ गई। जैन समाज द्वारा अब आगे की कार्रवाई की जा रही है। 13 अगस्त को मीडिया में भगवान नेमिनाथ की मूर्ति मिलने की खबर का प्रकाशन किया था। जो विभिन्न जगहों में फैला। यह खबर भानुप्रतापपुर में भी पहुंची। इसके बाद तुरंत वहां के लोगों ने बोटिंग वाले से संपर्क कर उसकी जानकारी दी।बोटिंग संचालक सतवंत महिलांगे ने बताया कि यह मूर्ति विसर्जन के लिए आया हुआ था जिसकी बाकायदा वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई थी। इसके बाद जिन्होंने इसे विसर्जित किया था।

भानुप्रतापपुर निवासी सुभाष चंद्र पारख ने बताया कि यह नेमिनाथ भगवान की मूर्ति जैन मंदिर भानुप्रतापपुर की है जिसे खंडित होने पर वह लगभग 6 माह पूर्व गंगरेल बांध में विसर्जित किए थे।वे शादी कार्यक्रम में धमतरी आए थे उसी दौरान मूर्ति को भी साथ में लाये थे और बोट में जाकर उन्होंने विसर्जित कर दिया था। कल जब उन्हें सोशल मीडिया में समाचार के माध्यम से जानकारी मिली तब उन्होंने बताया।इसे रायपुर से लाया गया था और जैन मंदिर में स्थापित किया गया था। खंडित होने पर बाकायदा पूजा पाठ कर इसे मंदिर से हटाया गया था।श्वेतांबर जैन मूर्ति पूजक संघ के अध्यक्ष विजय गोलछा ने बताया कि भानुप्रतापपुर जैन समाज से संपर्क किया जाएगा। कोतवाली थाना में औपचारिकता पूरी कर इसे पालीताना गुजरात या मंडोला राजस्थान में ले जाकर सुपुर्द कर देंगे।

## हाई कोर्ट, झंडेवालान मंदिर समेत छह जगहों पर बम की धमकी, मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली, 14 अगस्त (न्यूज चैनल)।** स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले दिल्ली में छह जगह बम होने की धमकी मिली है। यह धमकी मेल के जरिए मिली। इसमें जामनगर हाउस और झंडेवालान मंदिर समेत कई महत्वपूर्ण स्थान शामिल हैं। वहीं, दिल्ली उच्च न्यायालय को एक ईमेल के माध्यम से बम विस्फोट की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। इस धमकी के बाद उच्च न्यायालय परिसर को खाली करा लिया गया और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई। हालांकि, प्रारंभिक जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है, लेकिन किसी भी तरह की कोताही न बरतते हुए गहन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## रायपुर रेल मंडल में सीबीआई की दबिश, रिश्वत मांगने का आरोप


### सीनियर डीएमअई से पूछताछ कर रही सीबीआई

**रायपुर, 14 अगस्त (हाईवे चैनल)।** रायपुर रेल मंडल के भिलाई स्थित चरोदा पीपी यार्ड में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी के खिलाफ बिल पास करने के एवज में मोटी रकम मांगने की शिकायत मिलने के बाद सीबीआई की टीम ने देर शाम दबिश दी। टीम ने सीनियर डीएमई अनमोल उइके से पूछताछ कर रही है। साथ ही उनके कार्यालय में दस्तावेजों की जांच की जा रही है। अनमोल उइके के खिलाफ दिल्ली सीबीआई को शिकायत मिली थी। सूत्रों के अनुसार, रेलवे में कॉन्ट्रैक्टर के रनिंग बिल पास करने के एवज में मोटी रकम मांगने की शिकायत सीबीआई से की गई थी। इस शिकायत के बाद गुरुवार देर शाम 8:30 बजे सीबीआई भिलाई पहुंची है। फिलहाल अभी कार्रवाई जारी है। रेलवे कर्मचारियों से मिली जानकारी के अनुसार, सीबीआई के 8 अधिकारियों की टीम दिल्ली पासिंग गाड़ियों में भिलाई पहुंची है और सीधे सीनियर डीएमई अनमोल उइके के ऑफिस पहुंचकर कार्रवाई शुरू की। बता दें कि पीपी यार्ड में रेलवे वैगन के मेंटेनेंस का काम होता है। यहां पहले भी इसी तरह वर्ष 2023 में कॉन्ट्रैक्टर से कमीशन लेने के आरोप में सीबीआई ने दबिश दी थी। एक बार फिर भिलाई का पीपी यार्ड सीबीआई की रडार में है।

कैंसर के खिलाफ जंग में, एकजुट संकल्प,
रायपुर को मिल रही स्वस्थ भविष्य की एक अदम्य शक्ति।

RAMKRISHNA CARE HOSPITALS

प्रस्तुत है



CARE CANCER INSTITUTE

स्थान : रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर

भव्य उद्घाटन

दिनांक : रविवार, 16 अगस्त 2026
समय : दोपहर 12:30 बजे
स्थान : रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर

उद्घाटनकर्ता



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री,
छत्तीसगढ़ शासन

गरिमामयी उपस्थिति में



श्री रमन सिंह
माननीय अध्यक्ष,
छत्तीसगढ़ विधानसभा
एवं पूर्व मुख्यमंत्री



श्री श्याम बिहारी जायसवाल
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा



डॉ. पवन कुमार
चीफ एजीक्यूटिव ऑफिसर (इंडिया II)
एस्टर डीएम क्वालिटी केयर लिमिटेड



डॉ. संदीप दवे
मेडिकल एवं मैनेजिंग डॉयरेक्टर
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल

घर के करीब विश्वस्तरीय कैंसर उपचार

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
डॉ. मौ रॉय
क्लिनिकल डायरेक्टर एवं सीनियर कंसल्टेंट- सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
डॉ. वरूण शर्मा
सीनियर कंसल्टेंट - यूरोलॉजी, यूरो-ऑन्कोलॉजी एवं रोबोटिक सर्जरी
डॉ. नवीन जैन
कंसल्टेंट- सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
डॉ. अकेला फणेन्द्र सो.
कंसल्टेंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
डॉ. रूचिर धाकड़
कंसल्टेंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

मेडिकल ऑन्कोलॉजी
डॉ. रवि जायसवाल
सीनियर कंसल्टेंट एवं प्रमुख - मेडिकल ऑन्कोलॉजी एवं हेमेटोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डॉ. गौरव गुप्ता
सीनियर कंसल्टेंट एवं प्रमुख - रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
न्यूक्लियर ऑन्कोलॉजी
डॉ. नीरू केरकेट्टा
कंसल्टेंट - न्यूक्लियर मेडिसिन
प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी
डॉ. सुभाष साहू
कंसल्टेंट - प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी

Aster CARE HOSPITALS evercare KIMSHEALTH
Aster DM Quality Care Limited

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड
रायपुर, छत्तीसगढ़ -492001

0771 6165 656
www.carehospitals.com

maps: